दिनांकः 22.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीकानेर में आयोजित जनसभा में पाकिस्तान को हर आतंकी हमले की कीमत चुकाने की चेतावनी दी।
- प्रधानमंत्री ने 26 हजार करोड़ रूपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया –देशभर के 100 से ज्यादा पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित किया।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के तीनों संकायों का का परिणाम जारी–छात्राओं ने फिर बाज़ी मारी।
- प्रदेशभर में प्रचण्ड गर्मी का दौर –सरहदी जिलों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में होने वाले हर आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को कीमत चुकानी पड़ेगी। आज बीकानेर के पास पलाना में 26 हजार करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान भारत से कभी सीधे युद्ध नहीं जीत सकता, इसलिए उसने आतंकवाद को भारत के खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाया है, लेकिन यह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के साथ अब न ट्रेड होगा न टॉक। यदि बात होगी तो पीओके पर। उन्होंने कहा कि यह भारत का संकल्प है और दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से नहीं डिगा सकती। श्री मोदी ने पहलगाम की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि 22 तारीख के हमले के जवाब में सेनाओं ने 22 मिनट में आंतकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह कर दिये। उन्होंने कहा कि दुनिया ने और देश के दुश्मनों ने भी देख लिया कि जब सिंदूर, बारूद बन जाता है तो क्या नतीजा होता है।

------------------------

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए देश में आज आधुनिक इंफ्रास्टक्चर तैयार किया जा रहा है। देश के रेलवे स्टेशन, राजमार्ग, एयरपोर्ट आधुनिक हो, इसके लिए तेज गति से काम किया जा रहा है। रेल के आधुनिक नेटवर्क का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि रेलवे इंफ्रास्टकचर विकास को नई गति दी जा रही है। श्री मोदी ने कहा कि देश में 100 से ज्यादा अमृत स्टेशन पुनर्विकसित हो चुके हैं। इन स्टेशनों पर विकास के साथ विरासत का अद्भुत सांमजस्य देखने को मिलेगा।

------------------------

प्रधानमंत्री ने बीकानेर के महाराज गंगा सिंह को याद करते हुए कहा कि रेत के मैदान में हरियाली लाने वाले प्रदेश की जनता पानी के महत्व को भली–भांति जानती है। श्री मोदी ने पार्वती, कालीसिंध–चम्बल लिंक परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे राजस्थान के अनेक जिलों को लाभ होगा और यहां की धरती और किसानों को भी इससे फायदा होगा। उन्होंने पांच साल पहले चूरू में अपनी जनसभा को याद करते हुए कहा कि बालाकोट में एयर स्ट्राइक के बाद भी उनकी पहली जनसभा राजस्थान में ही हुई

थी। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय मंत्री अजुर्नराम मेघवाल, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचन्द बैरवा सहित राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्य और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने देशनोक करणी माता मन्दिर में दर्शन किये और पूजा–अर्चना कर देश में सुख–समृद्धि की कामना की।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशनोक रेल्वे स्टेशन से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 18 राज्यों के 86 जिलों के पुनर्विकसित किये गये 103 स्टेशनों का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने जिन पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों को राष्ट्र को सौंपा, उनमें राजस्थान के आठ स्टेशन–बूंदी, मांडलगढ़, गोगामेड़ी, गोविंदगढ़, मंडावर–महुआ रोड़, फतेहपुर शेखावाटी और राजगढ़ शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने राज्य में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और जल उपलब्धता को बढ़ाने के लिए राजस्थान सरकार की 25 महत्वपूर्ण राज्य परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया।

-----------------------

000

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आज भी प्रदेशभर में कई कार्यक्रम हुए। सरहदी जिले बाड़मेर में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक, संगठनों के प्रतिनिधि, शहरवासी और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। बालोतरा के सिणधरी में भी तिरंगा रैली निकाली गई। इसमें आमजन के साथ राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई भी शामिल हुए। करौली में भी आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। ये यात्रा माथुर स्टेडियम से शुरू होकर पुरानी कलेक्ट्री चौराहा पहुंची। जहां भारत माता के जयकारों से आसमान गूंज उठा। ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता से उत्साहित प्रदेशवासी भी अपनी भावनाओं को आकाशवाणी के साथ साझा कर रहे हैं। इस कड़ी में मेजर जनरल आलोक राज ने राष्ट्र के प्रति अपने जज्बातों का इजहार इन शब्दों में किया।

--------------------

000

-------------------------

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा का आज परिणाम जारी किया गया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने ये परिणाम नागौर से ऑन लाइनघोषित किये। कला संकाय का परिणाम 97 दशमलव 78 प्रतिशत रहा जबकि विज्ञान का 98 दशमलव 43 और कॉमर्स का 99 प्रतिशत रहा। बार्ड ने तीनों संकायों के साथ वरिष्ठ उपाध्याय का परिणाम भी जारी कर दिया। घोषित परिणामों में बालिकाओं ने एक फिर सभी संकायों में अपना परचम फहराया। कला वर्ग में चार बालिकाएं संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहीं। शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार मेहनत करने को कहा।

---------------------

इस अवसर पर बोर्ड के अजमेर कार्यालय में बोर्ड प्रशासक और संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा सचिव कैलाश चंद्र शर्मा सहित बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे।

000

जैव विविधता दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में कई जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। इस साल के जैव विविधता दिवस का विषय प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास रखा गया है। इस अवसर जोधपुर स्थित शुष्क वन अनुसंधान संस्थान की ओर से कार्यशाला रखी गई। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने जैव विविधता और बदलते परिवेश तथा कृषि और वानिकी पद्धतियों पर विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में आफरी द्वारा बनाई गई लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

जैव विविधता दिवस के सिलसिले में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से जयपुर के नायला और कूकस क्षेत्रों में नुक्कड नाटक खेला गया। राजस्थान वानिकी और जैव विविधता विकास परियोजना के सहयोग से आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को पारिस्थितिकी तंत्र के असंतुलन से उपजे दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। पाली में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरूकता कार्यशाला रखी गई। इस दौरान लोगों को जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत किया गया।

000

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर बना हुआ है। सहरदी जिलों में बढते तापमान और हीटवेव के चलते जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। श्रीगंगानगर में बीते चौबीस घंटों में पारा 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। वहां पड़ रही तेज धूप से सड़को पर डामर पिघलने लगा है। जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से सड़कों पर पानी का छिडकाव करवाया जा रहा है। जिले में गर्मी के चलते बिजली की खपत कई गुना बढ गई है। बीकानेर में अधिकतम तापमान 46 दशमलव 6 डिग्री और चूरू तथा जैसलमेर में 46 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अलवर में बीते चौबीस घंटों के दौरान तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढोतरी दर्ज की गई, वहां दिन के साथ ही रात में भी लू असर बना रहा। जिला अस्पताल में बीते पांच दिनों में सनबर्न के 50 से ज्यादा मरीज पहुंचे। राजधानी जयपुर सहित राज्य के पूर्वी हिस्सों में भी दिनभर धूप की तलखी बनी रही। वहीं दौसा और आसपास के इलाकों में दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदल गया। दौसा शहर में कुछ स्थानों पर ओले गिरे। चित्तौडगढ में शाम को तेज अंधड के बाद बरसात हुई।

000